मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी

धोबी मैले कपड़े धोता मैले दिल तू धोयेगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
मालिन बन के तू धरती पे बीज ज्ञान के बोयेगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
धोबी मैले कपड़े धोता मैले दिल तू धोयेगी......

गंगा युमना सरस्वती भी तेरे ही तो नाम माँ,
आठो पैर माँ क्षुधा लुटाना तेरा अदभुत काम माँ,
मूङ गवांर नादानो को तू विद्वान बना देती,
तेरी मौज बबुल के भी मीठ्ठे आम लगा देती,
तु है पार लगाने वाली नैया नही डुबोयेगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
धोबी मैले कपड़े धोता मैले दिल तू धोयेगी......

तेरा नाम है मानसरोवर सभी देवता कहते है,
श्रद्धा लगन के हंस भवानी यहाँ पे मोती चुनते है,
कामधेनु है पास तुमहारे जग को दूध पिलाती माँ,
तेरी कृपामयी से नजर से तर गई पापी दुनिया माँ,
अब भी मेरे लिऐ तु माता ममता पुष्प पिरोऐगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
धोबी मैले कपड़े धोता मैले दिल तू धोयेगी......

जो भी भक्त तेरी भक्ती करते तुम्हे ना कभी भुलाते है,
उनकी कुटीया की जगह पर शीश महल बन जाते है,
मुझे भी माँ तुझ पर भरोसा मेरी भी बिगडी बना दोगी,
कभी भटकने ना दोगी मजिंल तक पहुचा दोगी,
व्याकुल बच्चा जब तक जागे तू भी माँ न सोयेगी,
मेरी चौरासी कट जायेगी दया तेरी जब होयेगी,
धोबी मैले कपड़े धोता मैले दिल तू धोयेगी......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31778/title/meri-chaurasi-kat-jayegi-dya-teri-jab-hoyegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |